न्यायालय उपखण्ड अधिकारी(एस.डी.ओ.)सिणधरी

पीठासीन अधिकारी–श्री जगदीश सिंह आशिया, आर.ए.एस

राजस्व आवेदन संख्या 108/2024

प्रार्थी — **बनाम** — **विप्रार्थीगण**

प्रार्थी

1. चौनपुरी पुत्र जुगतपुरी वयस्क
2. अशोकपुरी पुत्र जुगतपुरी वयस्क
3. जसवंतपुरी पुत्र जुगतपुरी वयस्क
4. श्रवणपुरी पुत्र जुगतपुरी वयस्क
5. जुगतपुरी पुत्र भीमपुरी वयस्क

जाति गोस्वामी निवासी भूका वगतसिंह तहसील सिणधरी जिला बालोतरा।

बनाम

विप्रार्थीगण

1. दलाराम पुत्र धर्माराम
2. आसूराम पुत्र धर्माराम
3. कानाराम पुत्र धर्माराम
4. तगाराम पुत्र मांगाराम
5. दानाराम पुत्र धर्माराम
6. मोहनलाल पुत्र मांगाराम
7. राणाराम पुत्र मांगाराम
8. सीमाराम पुत्र मांगाराम
9. गजाराम पुत्र पूराराम
10. दीपाराम पुत्र पूराराम
11. पेमीदेवी पत्नि पूनमाराम

जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी भूका वगतसिंह तहसील सिणधरी जिला बालोतरा।

12. नेनूदेवी पत्नि खेताराम

जाति मेघवाल निवासी पूनियों की बस्ती आदर्शचवा तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बालोतरा।

13. उमपूरी पुत्र भीमपुरी
14. भगवतीदेवी पत्नि ओमपुरी

जाति गोस्वामी निवासी भूका वगतसिंह तहसील सिणधरी जिला बालोतरा ।

15. स्टेट बैं[illegible]कानेर एण्ड जयपुर

भूका [illegible] सिणधरी जिला बालोतरा।

16. तहसीलदार [illegible]धरी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2024.12.22 16:22:55 IST
Reason: SelfAttested

[illegible] अधिकारी
सिणधरी

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 (वास्ते–विवादित भूमि की करने नेखमबन्दी बाबत)

उपस्थिति

1. श्री पाबुराम बेनिवाल अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से उपस्थित।

2. विप्रार्थी एकतरफा।

आदेश

दिनांक 01.10.2024

1. संक्षेप में आवेदन के सुसंगत तथ्य इस प्रकार है, कि प्रार्थीगण का खेत तहसील सिणधरी पटवार मण्डल भूंका वगतसिंह के ग्राम भूंका वगतसिंह के खेत खसरा संख्या 939/627, 627/2 रकबा क्रमश 04.8540, 5.0158 हैक्टेयर खातेदारी का अवस्थित है। प्रार्थीगण के उपरोक्त खेत विप्रार्थीगण के खेतों के सेढा सेढ आई हुई है। खेतों के बीच किसी प्रकार कि कोई पक्की माठे या सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमाओ को लेकर पक्षकारान मे तनाजा एवं विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा तहसील सिणधरी पटवार मण्डल भूंका वगतसिंह के ग्राम भूंका वगतसिंह के खेत खसरा संख्या 939/627, 627/2 रकबा क्रमश 04.8540, 5.0158 हैक्टेयर भूमि की पक्की नेखमबंदी करवाने हेतु यह आवेदन पत्र पेश किया गया है।

2. प्रार्थीगण का आवेदन को दर्ज रजिस्टर किया गया। विप्रार्थीगण को जरिये रजिस्ट्रर्ड नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण के नोटिस तामील शुदा प्राप्त हुए। विप्रार्थीगण को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरांत भी हाजिर नहीं होने पर उनके विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।

3. वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने आवेदन के तथ्यो को दोहराते हुए कथन किया, कि प्रार्थीगण के खेत तहसील सिणधरी पटवार मण्डल भूंका वगतसिंह के ग्राम भूंका वगतसिंह में खेत खसरा संख्या 939/627, 627/2 रकबा क्रमश 04.8540, 5.0158 हैक्टेयर भूमि आई हुई है। प्रार्थीगण के उपरोक्त खेत विप्रार्थीगण के खेतों के सेढा सेढ आई हुई है। खेतों के बीच किसी प्रकार कि कोई पक्की माठे या सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमाओ को लेकर पक्षकारान मे तनाजा एवं विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा मौजा तहसील सिणधरी पटवार मण्डल भूंका वगतसिंह ग्राम भूंका वगतसिंह के खेत खसरा संख्या 939/627, 627/2 रकबा क्रमश 04.8540, 5.0158 हैक्टेयर भूमि की पक्की नेखमबंदी के आदेश फरमावे जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2024.12.22 16:22:55 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

4. हमनें वकील प्रार्थीगण की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड व संलग्न दस्तावेजात का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन तथा तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमें पाया कि तहसील सिणधरी पटवार मण्डल भूंका वगतसिंह ग्राम भूंका वगतसिंह के खेत खसरा संख्या 939/627, 627/2 रकबा क्रमश 04.8540, 5.0158 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज है,जो पत्रावली के संलग्न विवादित भूमि की जमाबंदी मय नक्शा खतौनी संवत 2076–2079 का अवलोकन करने से स्पष्ट है,इस प्रकार प्रार्थीगण विवादित भूमि का रिकार्डड सहखातेदार है,और रिकार्डड खातेदार अपनी भूमि की पक्की नेखमबंदी करवानें के लिए स्वतंत्र है,जिसके प्रार्थीगण हकदार भी है एवं विप्रार्थीगण बावजूद रजिस्ट्रर्ड नोटिस तामीली के हाजिर नहीं हुए है,इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थीगण के आवेदन को स्वीकार करने की उनकी ओर से मौन स्वीकृति है। यदि कोई आपत्ति होती,तो न्यायालय में उपस्थित होकर उजर एतराज पेश करतें। लेकिन ऐसा विप्रार्थीगण की ओर से नहीं किया गया। ऐसी सूरत में प्रार्थीगण का आवेदन स्वीकार योग्य है।

5. लिहाजा, प्रार्थीगण का आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर तहसील सिणधरी पटवार मण्डल भूंका वगतसिंह के ग्राम भूंका वगतसिंह के खेत खसरा संख्या 939/627, 627/2 रकबा क्रमश 4.8540, 5.0158 हैक्टेयर भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार सिणधरी को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है,उक्त कार्यवाही प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण को पूर्व में जरिये नोटिस/पत्र के जरिये सुचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर की जावे। कमिशनर फीस 1000/प्रार्थीगण मौके पर अदा करेगे। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल मिसल हो।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

आदेश आज दिनांक 01.10.2024 को लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

Signature Not Verified

Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2024.12.22 16:22:55 IST
Reason: SelfAttested